# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

**कक्षा:पाँचवीं** **विषय: हिंदी** **अपठित गद्यांश**

**दिए गए गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**ओणम का त्योहार केरल राज्य का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार श्रावण मास में धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार से राजा बलि की कथा जुड़ी हुई है। एक बार देवताओं ने भगवान विष्णु से राजा बलि को हराने की प्रार्थना की। विष्णु भगवान ने बलि से तीन पग भूमि माँगी। पहले पग में धरती और दूसरे पग में आकाश नापा तीसरे पग के लिए बलि ने अपना सिर भगवान के आगे कर दिया। भगवान ने प्रसन्न होकर बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया। साथ ही वर्ष में एक बार अपने राज्य की खुशहाली देखने के लिए पृथ्वी पर आने का वरदान दिया। इसी खुशी में ओणम का त्योहार मनाया जाता है।**

**ओणम पर केरल के घर-घर में रंगोली बनाई जाती है। लोग नए कपड़े पहनते हैं। बच्चे पीले रंग के वस्त्र पहनते हैं। पीले रंग के पकवान बनाए जाते हैं। चावल और केले के व्यंजन तथा 'पायसम' एक विशेष खीर बनाई जाती है। लोकनृत्य, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। प्रसिद्ध नौका दौड़ होती है। लंबी-लंबी नौकाओं की दौड़ देखने के लिए देश-विदेश से दर्शक आते हैं। केरल में ओणम का त्योहार बड़े ही उत्साह और उमंग से मनाया जाता है।**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

1. ओणम का त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है?

2. ओणम के त्योहार से किस राजा की कथा जुड़ी हुई है?

3. ओणम का त्योहार किस महीने में मनाया जाता है?

4. ओणम पर क्या-क्या पकवान बनाए जाते हैं?

5. ओणम के त्योहार पर देश-विदेश से दर्शन क्या देखने आते हैं?